हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जून 2026


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


11 सुशासन तिहार के अंतिम दिन रेंगाडबरी में उमड़ा जनसैलाब...





12 100 साल पुराने हितेकसा डायवर्सन के जीर्णोद्धार ...






## खबर संक्षेप

### पेंशनर संघ का मासिक बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारी पारा बालोद में 6 जून को 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष डॉ.आरएम. चावड़ा ने बताया कि जिसमें प्रान्तीय स्तर पर किये गये गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।

### आईटीआई बालोद में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 15 जून तक

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून तक निर्धारित की गई है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद के प्राचार्य ने बताया कि इच्छुक अभ्यथएँ शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में संचालित एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, स्टेनो हिंदी, वेल्डर, मैकेनिक डीजल एवं द्विवर्षीय व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन, फिटर में प्रवेश के लिये 15 जून तक रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाइट पर पंजीयन कर सकते है। इसके साथ ही अभ्यर्थी इस संबंध में अधिक जानकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद से भी प्राप्त कर सकते हैं।

### अरकार में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरकार में 03 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। अरकार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम अरकार, हसदा, भिरई, बोहारा, डोटोपार, कोसागोंदी, पिकरीपार, मोहारा, सनौद, सांगली, ओझागहन, देवकोट, गंगोरीपार, बासीन, अरमरीकला, जेवरतला, भोथली और डांडेसरा के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर के आयोजन हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सागर वर्मा को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत गुरुर के सीईओ उमेश रात्रे और और बीआरसीसी गुरूर चंद्रभान सिंह को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### नेटबॉल के खिलाड़ियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**भिलाई।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 से 31 मई तक भिलाई विद्यालय स्कूल सेक्टर-2 हुआ। समापन समारोह के अवसर पर खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

# सुकड़ीगुहान में पेयजल व्यवस्था का प्रशासन ने किया निरीक्षण, पर्याप्त पानी उपलब्ध होने का दावा

## ग्रामीणों को मिल रहा है समुचित मात्रा में शुद्ध पेयजल एवं निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

खबर का असर


ग्राम पंचायत सिंघोला के आश्रित ग्राम सुकड़ीगुहान में पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया। हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव की पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। अधिकारियों ने दावा किया कि गांव में वर्तमान में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है और ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि लगभग 70 परिवारों और 250 की आबादी वाले सुकड़ीगुहान में अत्याधुनिक सोलर पैनल आधारित पेयजल प्रणाली संचालित है। इसके अलावा एक बड़ी सिन्टेक्स टंकी और आयरन रिमूवल प्लांट (आईआरपी) भी कार्यरत है, जिससे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अतिरिक्त व्यवस्था के तौर पर दो बोरवेल में मोटर पंप लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण में गांव में पर्याप्त पेयजल स्रोत पाए गए हैं।



### खबर प्रकाशन के बाद हरकत

अधिकारियों के अनुसार जल संरक्षण और बेहतर प्रबंधन के लिए नलों में नई टोंटियां लगाने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। वहीं किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सिंघोला मुख्यालय में एक पानी का टैंकर भी आरक्षित रखा गया है। ग्राम पंचायत सिंघोला की सरपंच कौशिल्या बाई ठाकुर ग्रामीणों के साथ लगातार संपर्क में रहकर पेयजल व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। प्रशासन का कहना है कि गांव में पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सुकड़ीगुहान की पेयजल समस्या को लेकर प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए गांव में उपलब्ध संसाधनों और व्यवस्थाओं की जानकारी सार्वजनिक की है।



## हर साल पौधे लगाने की रस्म, लेकिन पेड़ों की सुरक्षा पर लापरवाही

# पर्यावरण दिवस से पहले अवैध कटाई का खुलासा, छापे के दौरान लकड़ी माफिया फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

एक ओर 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन लोगों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में प्रतिबंधित वृक्षों की अवैध कटाई का सिलसिला लगातार जारी है।

ताजा मामला ग्राम फुंडा का है, जहां राजस्व विभाग ने अवैध कटाई की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में कटे हुए वृक्ष जब्त किए हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम फुंडा स्थित नहर किनारे प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई किए जाने की सूचना राजस्व विभाग को मिली थी। तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी की टीम मौके पर पहुंची। राजस्व अमले को देखते ही लकड़ी माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित वहां से फरार हो गए। हालांकि टीम ने मौके से कटे हुए वृक्षों को जब्त कर पंचनामा कार्रवाई की। जांच के दौरान 4 अर्जुन, 1 कसही तथा 1 बबूल वृक्ष के कटे हुए अवशेष बरामद किए गए। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि गुण्डरदेही क्षेत्र के एक कृषक के खेत में इन वृक्षों की कटाई की जा रही थी। राजस्व विभाग ने मामले की जानकारी संबंधित विभाग को भी भेज दी है और आगे की जांच की जा रही है।



### मुख्य मार्ग के पास हो रही थी कटाई

इस मामले में सबसे हैरानी की बात यह है कि जहां कटाई की जा रही थी। वह स्थान गुण्डरदेही-धमतरी मुख्य मार्ग से महज चार खेत की दूरी पर स्थित है। दिनदहाड़े पेड़ों की कटाई होने के बावजूद जिम्मेदार विभागों को इसकी भनक नहीं लगना कई सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर सूचना नहीं दी जाती तो पूरा मामला दब जाता।

### ग्रामीणों ने उठाए सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्य सड़क के नजदीक लंबे समय से चल रही इस गतिविधि पर कार्रवाई नहीं होना विभागीय निगरानी पर प्रश्नचिह्न लगाता है। उनका कहना है कि हर वर्ष पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण के बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन वर्षों पुराने वृक्षों को बचाने के लिए ठोस प्रयास दिखाई नहीं देते। ग्रामीणों ने अवैध कटाई में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और क्षेत्र में नियमित निगरानी की मांग की है।

# ड्यूटी से लौट रहे प्रधान आरक्षक की सड़क हादसे में मौत

## कार चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सोमवार को आदिवासी समाज के द्वारा किए गए आंदोलन में ड्यूटी कर बाईक के माध्यम से घर लौट रहे प्रधान आरक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार पुरूर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक संतराम मंडावी दिनभर कलेक्ट्रेट में सर्व आदिवासी समाज द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान ड्यूटी में तैनात था। जहां ड्यूटी समाप्त होने के बाद देर रात वे पहले पुरूर थाना पहुंचे जिसके बाद वहां से अपनी बाईक के माध्यम से अपने ग्राम सोहतरा के लिए बाईक के माध्यम से जा रहे थे। इसी दौरान बालोदगहन के पास एक कार ने पीछे से बाईक को ठोकर मार दी। जिसके बाद बाईक सवार प्रधान आरक्षक सड़क किनारे जा गिरे जिससे उन्हे सिर के साथ शरीर के विभिन्न हिस्सो में गंभीर चोट आया। इस दौरान बाईक सवार को ठोकर मारने वाला कार चालक कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद आस पास मौजूद राहगिरो ने परिजनों को सूचित करने के साथ घायल पुलिस कर्मी को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने गंभीर चोट के कारण मृत घोशित कर दिया। वही शव का पीएम करने के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया तथा पुलिस जांच में जुट गई है। वही पुलिस ने फरार कार चालक की खोजबीन शुरू कर दी है।

# चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

## 11 हजार से अधिक नकदी बरामद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



चाकू दिखाकर मारपीट कर लुट करने वाले नाबालिक सहित दो आरोपी को बालोद पुलिस ने चंद घंटे में गिरफ्तार किया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू को जप्त किया गया। प्रार्थी से लुटे गये रकम मे से 11370 रू. को बरामद किया गया।

ग्राम रेंगनी थाना बालोद निवासी प्रार्थी डोमेश्वर पटेल से 30 मई को सुबह से सब्जी मण्डी बुधवारी बाजार बालोद के पीछे स्थित शुलभ शौचालय में बने बाथरूम कमरे में 02 लड़को द्वारा दरवाजा को अंदर से बंद कर चाकू की नोक पर 25,000 रूपये की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 127 (2), 296, 115(2), 351(3), 309(6), 3(5) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने बताया कि एक विशेष टीम तैयार कर आरोपीगण सोमेश धुरवे एवं कमल ठाकुर को अभिरक्षा में लाकर पुछताछ करने पर बताये कि सोमेश धुरवे ने उधारी में लिए सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल का उधारी रूपया जमा करने के लिए व शराब पीने, गांजा एवं नशीली गोली के लिए रूपया नहीं होने से लूट–पाट करने की योजना बनाए, सब्जी मंडी में सोमेश ध्रुवे द्वारा आम खरीदते समय सब्जी खरीदने आए लड़के के पास बहुत ज्यादा रूपया रखे होना देखे थे, उसी लड़के को सब्जी मंडी के शौचालय में अकेले बाथरूम करने जाते देखकर कमल ठाकुर को शौचालय के बाहर व्यक्ति देखने के लिए एवं सोमेश ध्रुवे, अपचारी बालक दोनो बाथरूम के अंदर जाकर दरवाजा को अंदर से बंदकर सब्जी वाले लड़का को चाकू दिखाकर, गाली–गलौच करते जान से मारने की धमकी देकर थप्पड़ से गाल में मारकर उनके पैट के जेब से अपचारी बालक ने 25,000 रूपए लूटकर भाग गए, आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

गिरफ्तार आरोपीगण में वार्ड क्र. 06 शिव मंदिर गली पाण्डेपारा बालोद निवासी सोमेश धुवे उर्फ दाउ 27 वर्ष व वार्ड क्र. 05 हीरापुर रोड पाण्डेपारा बालोद निवासी कमल ठाकुर उम्र 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।



**एक सप्ताह बाद भी सदर मार्ग पर नहीं हुई मलबे की सफाई**

# अतिक्रमण हटाने के बाद भी नहीं साफ हुआ मलबा, सदर मार्ग पर राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- अतिक्रमण के बाद सड़क पर फैली अव्यवस्था, लोगों में नाराजगी



जिला मुख्यालय में अतिक्रमण की कार्यवाही हुए एक सप्ताह का समय होने जा रहा है लेकिन कार्यवाही के दौरान हुए तोड़ फोड़ में मलबा की पंरी तरह साफ सफाई का कार्य प्रशासन द्वारा अभी तक नही किया गया है। इससे सुगम यातायात मे बाधा उत्पन्न हो रही है।

जिला मुख्यालय के मुख्य व्यवसायिक मार्ग में से एक सदर मार्ग में जिला प्रशासन द्वारा 26 मई को मार्ग से लगे कई अवैध अतिक्रमण वाले दुकानो पर कार्यवाही कर तोड़ने का कार्य किया गया था। जिसके तहत 104 दुकानो में से 80 दुकानदारो ने स्वयं से ही अतिक्रमण तोड़कर साफ सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया था जिसके बाद प्रशासन ने शेश का 24 दुकानो के अतिक्रमण को तोड़ने का काम किया था।

दुकानो के अतिक्रमण को तोड़ने के बाद एक सप्ताह का समय होने जा रहा है और अभी तक प्रशासन द्वारा स्वयं के द्वारा की गई कार्यवाही के तहत सड़को में बिखरे मलबे को साफ करने का काम नही किया गया है। जिसके कारण मार्ग में आने जाने वाले राहगिरो को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जहां प्रशासन द्वारा मार्ग के चौड़ीकरण तथा सुगम आवागमन की सोच से अवैध अतिक्रमणधारी दुकानो पर कार्यवाही की गई थी, लेकिन उसके बाद सड़को के मलबे की साफ सफाई व सुव्यवस्थित मार्ग नही बनने के कारण सदर मार्ग में अब भी वाहन चालको को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक ओर प्रशासन द्वारा मलबे की साफ सफाई तो की ही नही गई है वही दूसरी ओर सदर मार्ग में अतिक्रमण की कार्यवाही के बाद मार्ग में पूर्व से लगे खंभे जो अतिक्रमण की कार्यवाही के बाद अब सड़को में नजर आ रहे है इसको लेकर भी प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम उठाते नही देखा गया है, जिसके कारण से अवैध दुकान तो मार्ग बाधित नही कर रहे है लेकिन पूर्व से सड़को में लगे बिजली के खंड़े चारपहिया वाहनो के मार्ग को बाधित कर रहे है।

ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा अगर अवैध अतिक्रमण को तोड़कर छोड़ दिया जाता है और मार्ग में पूर्व से लगे बिजली के खंभो के साथ जाल के रूप में फैले बिजली के वायर को व्यवस्थित नही करती है तो आगे राहगिरो को दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा।

**खबर संक्षेप**

### गया नगर में नई पानी टंकी निर्माण से क्षेत्रवासियों में उत्साह



दुर्ग। सुशासन तिहार के अंतर्गत दुर्ग शहर को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात देने पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा गया नगर क्षेत्र में नई उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण कार्य के भूमिपूजन से क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। वर्षों से जल संकट का सामना कर रहे गया नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में धन्यवाद तख्तियां लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचीं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मंत्री गजेन्द्र यादव तथा महापौर अल्का बाघमार के प्रति आभार व्यक्त किया। जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने कहा कि गया नगर, मठपारा, सारथीपारा, राजीव नगर तथा रामनगर क्षेत्रों में लंबे समय से जलापूर्ति की समस्या बनी हुई थी। गर्मी के दिनों में लो-प्रेशर के कारण स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी, जिससे हजारों परिवार प्रभावित होते थे। क्षेत्र की इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए महापौर श्रीमती अल्का बाघमार के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा लगातार प्रयास किए गए। नगर निगम की पहली एमआईसी बैठक में गया नगर में 15 लाख लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया, जिसे बाद में शासन स्तर पर मंजूरी प्राप्त हुई।

### भूमि सुधार में हरी खाद ढैंचा-मूंग का करें उपयोग

दुर्ग। खरीफ मौसम को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा कृषकों को टिकाऊ खेती और बेहतर उत्पादन के लिए समसामयिक सलाह दी गई है। विभाग ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर यूरिया पर निर्भरता कम करने और भूमि की सेहत सुधारने के लिए हरी खाद ढैंचा, मूंग के अधिक से अधिक उपयोग की अपील की है। उप संचालक कृषि के अनुसार, वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के कारण उर्वरकों की कमी होने की स्थिति में हरी खाद एक बेहतर और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है। इसके लिए जून के प्रथम सप्ताह में लगभग 8-10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से ढैंचा या इसे मूंग के साथ मिलाकर बुआई की जानी चाहिए। बुआई के 35 से 40 दिन बाद, जब पौधे 2-3 फीट ऊंचे हो जाएं और फूल आने की प्रारंभिक अवस्था हो, तब रोटावेटर या कल्टीवेटर से फसल को पलटकर मिट्टी में मिला देना चाहिए।

### शासकीय कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन 10 जून को

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर 10 जून को भोजन अवकाश में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी, न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी तथा आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारियों को 1 जनवरी 2026 से दो प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत कर दिया गया है किन्तु प्रदेश के राज्य शासन के सेवारत लगभग साढ़े चार लाख अधिकारी तथा कर्मचारी के लिए अभी तक डीए की घोषणा नहीं की गई है जिससे राज्य के कर्मचारियों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष भानु प्रताप यादव ने बताया कि भोजन अवकाश दोपहर 1.30 बजे धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# दिनभर धूप-छांव का चला खेल, तापमान नीचे 40 डिग्री तक लुढ़का

## नवतपा की विदाई दो दिन शेष, गर्म हवाओं से मिली ट्विनसिटी के लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सोमवार का दिन ट्विनसिटी के लोगों के लिए राहत भरा रहा। सुबह से ही आसमान पर बदली छाई रही। पूरे दिन बीच-बीच में धूप-छांव का खेल चलता रहा। जिसकी वजह से पारा काफी नीचे चला आया है। मौसम विभाग के हिसाब से अधिकतम तापमान 40. 4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस माइनस रहा है। न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले तीन दिनों से लगातार पारा नीचे आ रहा है जिसकी वजह से नवतपा में ग्रीष्मलहर के बजाय नम हवाएं चल रही है।

### नवतपा की दो दिन बाद विदाई

नवतपा की विदाई को दो दिन शेष है। मौसम विभाग ने इस बार नवतपा में ग्रीष्मलहर जैसी हवाओं की चेतावनी दी थी। शुरूआत के तीन दिन ऐसी ही स्थिति निर्मित रही लेकिन उसके बाद मौसम में बदलाव आया है। हर दिन मौसम में व्यापक उतार-चढ़ाव हो रहा है। कभी अंधड़ चल रही है तो कभी बूदांबादी भी हो रही है। इसकी वजह से रात में भी तापमान काफी कम हो गया है। हालांकि उमसभरी गर्मी से लोगों को काफी दिक्कतें आ रही है। इसलिए कि अंधड़ या हवा चलना शुरू होती है तो बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। पंखे,एसी-कूलर चलना बंद हो जाते हैं।



### इस तरह चल रहा सिनोष्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पूर्वी मध्यप्रदेश और आसपास के हिस्सों में समुद्र तल से 15 किलोमीटर की ऊंचाई पर विस्तारित है।एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण गंगीय पश्चिमी बंगाल और झारखंड और ओडिशा के आसपास के हिस्सों में समुद्र ऊपर में 1.5 से 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर विस्तारित है।

### हल्की वर्षा की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की में वर्षा होने की संभावना है। चेतावनी यह दी गई है कि एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चल सकती है। इसकी रफ्तार 40 से 50 प्रति किलोमीटर प्रति घंटे की रहेगी। दुर्ग भिलाई शहर के लिए 2 जून को आकाश आशिक मेघमय रहने तथा गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 40C और 27C के आसपास रह सकता है। अगले 24 घंटों में 1-2C की वृद्धि होने की संभावना है। तथा आगामी 3 दिनों में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## दूसरा चरण फरवरी-2027 से : कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली जानकारी

# घरों की गिनती का पहला चरण पूरा, डिजिटल जिले में सर्वे के आधार पर जानकारी पोर्टल में कैद

## 1 से 30 मई तक चला सर्वे का काम, जानकारी रखी जाएगी गोपनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जनगणना 2027 का पहला चरण, मकान सूचीकरण और मकानों की गणना सफलतापूर्वक पूरा हो गया। राष्ट्रीय अभियान 1 मई से शुरू हुआ और 30 दिनों तक चला। यह काम जिले की भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करने का अहम पड़ाव माना जा रहा है। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से हुई।

जिले में काम को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए 13 जनगणना चार्ज बनाए गए। जिले के 11 नगरीय निकायों एवं 5 तहसीलों के अंतर्गत 381 ग्रामों तथा 335 वार्डों में सर्वे का काम किया गया। इसके लिए 5 ग्रामीण चार्ज एवं 15 नगरीय चार्ज गठित किए गए थे, जिनके अंतर्गत कुल 3,086 मकान सूचीकरण गणना ब्लॉक बनाए गए। अभियान के संचालन में लगभग 3,632 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवाएं ली गईं। इनमें 5 प्रमुख जनगणना अधिकारी (जिला कलेक्टर एवं 4 नगर निगम आयुक्त), 1 जिला जनगणना अधिकारी, 2 अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, 24 चार्ज अधिकारी, 1 मास्टर ट्रेनर, 79 फील्ड ट्रेनर्स, 3,006 प्रगणक, 514 पर्यवेक्षक तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने घर-घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं, परिसंपत्तियों से जुड़ी जानकारी मोबाइल एप से जुटाई। संकलित जानकारी अब भारत सरकार के सर्वर पर सुरक्षित है। जनगणना अधिनियम 1948 और जनगणना नियमावली 1990 के तहत नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। जानकारी का उपयोग केवल नीति निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए होगा। जनगणना 2027 का दूसरा चरण, जनसंख्या गणना, फरवरी 2027 में होगा। जिला प्रशासन ने कहा कि अगले चरण में भी जिले के लोगों से इसी तरह सहयोग की उम्मीद है।




डेढ़ महीने पहले जनगणना शुरू होने को लेकर राजनीतिक दलों को दी गई थी नियमों की जानकारी

### जारी अधिसूचना के अंतर्गत 33 प्रश्नों के लिए गए उत्तर

जिले की सभी तहसीलों, ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 1 से प्रारंभ होकर 30 मई को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के प्रथम चरण के दौरान प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्रित की गई। ये प्रश्न मकानों की स्थिति, परिवारों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा उनकी परिसंपत्तियों से संबंधित थे। संपूर्ण जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल रूप से संकलित की गई है, जो भारत सरकार के सर्वर पर सुरक्षित रूप से संग्रहित है।

### डेटा का उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनकल्याण योजनाओं में होगा

अधिकारियों ने बताया कि आम नागरिकों के द्वारा जनगणना से संबंधित जो भी व्यक्तिगत जानकारी दी गई है, वह जनगणना अधिनियम 1948, तथा जनगणना नियमावली 1990, के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। संकलित किए गए डेटा का उपयोग केवल नीति निर्माण एवं जनकल्याण योजनाओं के लिए ही किया जाएगा एवं भारत सरकार के द्वारा सम्पूर्ण जनगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात यथोचित समय पर इन आंकड़ों को जारी किया जाएगा। इस व्यापक अभियान के सफल संचालन हेतु जिले में सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की गई थी। प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) का प्रमुख उद्देश्य द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) के लिए एक सटीक एवं व्यापक आधार तैयार करना है, ताकि आगामी चरण में कोई भी मकान अथवा परिवार गणना से वंचित न रह जाए।

# जामुल में जनसमस्या शिविर में पहुंचे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- विभागों का स्टाल भी किया निरीक्षण
- वार्ड 19 मंगल भवन में लगा था

नगर पालिका परिषद जामुल में सुशासन तिहार 2026 में वार्ड 19 मंगल भवन में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। 19 एवं 20 वार्ड के आवेदकों द्वारा 500 आवेदन प्रस्तुत किए गए। शिविर में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह का आगमन हुआ।

इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पार्षदों एवं जामुल के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। जन समस्या निवारण शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभाग के स्टाल में निरीक्षण किया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म में गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व वितरित किया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के साथ संयुक्त रूप से दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा, आवेदकों कों लर्निंग लायसेंस, पात्र हितग्राही को तत्काल राशन कार्ड का वितरण किया गया।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, पार्षदों ने शाल, श्रीफल एवं भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर कलेक्टर अभिजीत सिंह को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसडीएम महेश सिंह राजपूत, सीएमओ रमाकांत साहू, नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामदुलार साहू, अहिल्या वर्मा, कविता विश्वाल, रामप्यारी वर्मा, शांति टंडन, संजय देशलहरा, नोडल अधिकारी सचिन भागवत समेत अन्य मौजूद थे।

# जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक हटाए जा रहे लोगों को मिले विस्थापन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग





जेल तिराहा से मिनी माता चौक और महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है। इसे लेकर सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। दुर्ग निगम और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने संयुक्त रूप से सर्वे कर 200 से ज्यादा कब्जों को चिन्हित किया है।

उन्हें नोटिस भेजकर हटाया जा रहा है। इसका समाजवादी पार्टी ने विरोध किया है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर विस्थापन और मुआवजा देने की मांग की है। पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने कहा कि इस भीषण गर्मी के बीच उन्हें खदेड़ा जा रहा है, वे पिछले कई सालों से इन जगहों पर रोजी-मजदूरी कर अपना पेट पाल रहे थे। प्रशासन उनके पेट पर लात मार रहा है। इसे लेकर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जरुरतमंदों का सर्वे किया जाए। उन्हें मुआवजा और विस्थापन दिया जाए। अन्यथा संगठन को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### मारपीट, वीडियो वायरल

भिलाई। सोमवार को सोशल मीडिया पर दो अलग-अलग वीडियो वायरल हुए। एक वीडियो में खुलेआम नशे का इस्तेमाल कर सबूत दिखाए गए हैं।वहीं दूसरे वीडियो में युवकों के बीच मारपीट का है। पूरी घटना का वीडियो बनाकर युवकों ने खुद सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है, भिलाई शहर का बाप हूं मैं कुलदीप वायरल वीडियो में एक स्थानीय ब्लॉगर खुर्सीपार के अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर नशे से जुड़े सामान दिखाता। उसे साफ करता नजर आ रहा है। वीडियो में ब्लॉगर ने दावा किया है कि, खुर्सीपार में इस तरह नशा खुलेआम चल रहा है। वीडियो के मुताबिक ब्लॉगर स्कूल परिसर के अंदर और आसपास से मिले इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन, सिरिंज और दवाइयों को इकट्ठा कर लोगों को दिखा रहा है।

# निजी टैंकरों को पानी सप्लाई, जोन-4 में पेयजल अनियमितता पर आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई के जोन-4 अंतर्गत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में अनियमितता को लेकर सामने आए आरोपों पर जोन आयुक्त द्वारा कड़ा रुख अपनाया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

- निजी टैंकरों को पानी देने की बात से अधिकारियों का इंकार

पेयजल अनियमितता के इस संवेदनशील मामले में जोन आयुक्त द्वारा कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा और सहायक अभियंता चंद्रकांत साहू से विस्तृत जानकारी ली गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा किसी भी निजी टैंकर को पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है और न ही पेयजल वितरण में कोई जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है। अधिकारियों से प्रारंभिक जानकारी प्राप्त करने के बाद, मामले की तह तक जाने और स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट करने के लिए जोन आयुक्त ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। जोन आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता को इस पूरे मामले की विस्तृत और निष्पक्ष जांच करने निर्देशित किया है। आयुक्त ने कहा कि जनता को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पेयजल को लेकर की समीक्षा

# ओदरागहन समूह जलप्रदाय योजना से शुरू होगी जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में संचालित विभिन्न जलप्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

- जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में दिए निर्देश



बैठक में कलेक्टर ने जिले में प्रगतिरत 7 समूह जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों को समयबद्ध तरीके से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ओदरागहन समूह जलप्रदाय योजना से शीघ्र जलापूर्ति प्रारंभ की जाएगी।

वहीं अंजोरा ढाबा एवं मोतिमपुर समूह योजनाओं में विद्युत कनेक्शन से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया। जल जीवन मिशन अंतर्गत निरस्त किए गए अनुबंधों के मामलों में शीघ्र नई निविदा आमंत्रित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही जिन एजेंसियों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किए जाने के कारण स्पष्टीकरण जारी किया गया है, उनके संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करने के को कहा। कलेक्टर ने अमलेश्वर समूह योजना में शामिल चार ग्राम- अमलेश्वर, मगरघटा, खुड़मुड़ी एवं भोथली को संबंधित स्थानीय निकाय को हस्तांतरित करने हेतु संयुक्त निरीक्षण के बाद आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उनका संचालन एवं संधारण संबंधित पंचायतों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए जिला पंचायत को नल जल मित्रों का चयन कर प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मिशन संचालक, जल जीवन मिशन से प्राप्त निर्देशानुसार 'लोक जल उत्सव' वार्षिक कैलेंडर को जिला वार्षिक कार्ययोजना में शामिल करते हुए ग्राम पंचायत एवं जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर हर घर प्रमाणीकरण किए जाने एवं योजना को संबंधित पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उत्कर्ष पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बाकलीवाल सम्मानित पूर्व मुख्यमंत्री भी पहुंचे

दुर्ग। दुर्ग निगम के पूर्व महापौर और वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल को पद्मनाभपुर स्थित उनके निवास में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। भूपेश बघेल ने कहा कि धीरज बाकलीवाल कुशल नेतृत्व के धनी है। एक कुशल नेतृत्वकर्ता के कार्यों का लाभ पार्टी संगठन को मिलता ही है, साथ ही जनता को भी इसका लाभ मिलता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। गीत-संगीत की धुन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके समर्थक थिरकते नजर आए। बाकलीवाल ने समाजसेवी गतिविधियों में भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में भिलाई महापौर नीरज पाल, ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रतिमा चंद्राकर, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अय्युब खान, संजय कोहले, राजेश यादव, सीजू एंथोनी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### बीएसपी में बैंक खाता परिवर्तन की ऑफलाइन प्रक्रिया का डिजिटलीकरण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन स्थित वित्त एवं लेखा सभागार में वेतन भुगतान प्रणाली (सीपीआरएस) तथा बीएसपी-सैप में बैंक खाता परिवर्तन प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और बनाने के लिए मेकर - चेकर प्रोविजन फॉर बैंक एकाउंट चेंज' प्रणाली को शुरु किया गया। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम व पवन कुमार ने किया। सीजीएमप्रमोद कुमार चोखानी सहित महाप्रबंधक भी उपस्थित थे। नई प्रणाली के माध्यम से बैंक खाता परिवर्तन संबंधी अनुरोधों के सत्यापन एवं अनुमोदन की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है, जिससे डेटा की शुद्धता सुनिश्चित होने के साथ प्रणाली की विश्वसनीयता एवं सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। इसके संचालन से संबंधित जानकारी उपस्थित अधिकारियों को दी गई।

### निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को दी विदाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए नियमित अधिकारी एवं कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके दीर्घ एवं उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में निगम मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, उपायुक्त डी के कोसरिया एवं उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम के सम्मानित कर्मचारी वामन राव, शशिकांत साहू, ईमान सिंह कन्नौजे, मंत राम यादव सहित गणेश राम वर्मा अपना शासकीय सेवा अवधि पूर्ण कर सेवा निवृत हुए । सभी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यनिष्ठा, समर्पण और निगम के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सफल जीवन की कामना की।

### ईएमडी विभाग में मॉक ड्रिल सुरक्षा तैयारियों को परखा गया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग (ईएमडी) द्वारा एलडी गैस रिसाव कीआपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें संभावित गैस रिसाव जैसी परिस्थितियों में विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों की आपातकालीन तैयारियों, प्रतिक्रिया क्षमता तथा समन्वय तंत्र का आकलन किया गया। संयंत्र में एकाएक गैस रिसाव होने से तीन व्यक्ति गैस से प्रभावित हुए, जिनमें से एक को विभागीय कर्मियों द्वारा तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, जबकि अन्य दो प्रभावित व्यक्तियों को एमएमपी भेजा गया।

**आयोजन**

18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण पहुंचे शिविर में, हितग्राहियों को मिले स्वीकृति पत्र व योजनाओं का लाभ

# सुशासन तिहार के अंतिम दिन रेंगाडबरी में उमड़ा जनसैलाब, 350 आवेदन मिले







हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

राज्य शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम **सुशासन तिहार** के अंतिम दिवस पर वनांचल क्षेत्र के ग्राम रेंगाडबरी में विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को लेकर बड़ी संख्या में आवेदन प्रस्तुत किए गए। प्रशासन द्वारा लगाए गए विभागीय स्टॉलों में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।

शिविर में राजस्व, पंचायत, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, विद्युत एवं समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर त्वरित कार्रवाई की। वहीं शेष आवेदनों के निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकरण का आश्वासन दिया गया। शिविर में



बिजली कनेक्शन, स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमिहीनों को पट्टा, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन एवं आयुष्मान कार्ड से संबंधित आवेदनों की संख्या अधिक रही। इस अवसर पर कई हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित सामग्री वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। महिला स्व-सहायता समूहों ने अपने उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई, जबकि स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि शिविर में लगभग 350 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी ऑनलाइन पोर्टल में प्रविष्टि कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। शासन का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि शिविर में 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया सहित रेंगाडबरी, चिलमगोटा, भीमपुरी, खैरकट्टा, जुन्नापानी, भीमाटोला, मंगचुवा, तुरमुड़ा, करकुटोला, कुदारी, दल्ली, बंजारी, अरजपुरी, तुमड़ीकसा, मडियाकट्टा, पिंगाल, खोलझर, बगाईकोन्हा, कसही, भवरमरा एवं करेंगांव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सरपंच और सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित कीट, चेक एवं अन्य सामग्री वितरित की। इस दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष कांति सोनबरसा, उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, मंडल अध्यक्ष उत्तरा घनेंद्र, मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढ़ा, महाविद्यालय अध्यक्ष जसराज शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, महामंत्री पूनम जैन तथा भाजयुमो के निरंजन पटौदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर के सफल आयोजन के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रस्तुत आवेदनों का शीघ्र निराकरण होगा और शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।

## खरीफ से पहले खाद संकट पर कांग्रेस का हमला कल समितियों का दौरा करेंगे ताम्रध्वज साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

प्रदेश में खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले किसानों को खाद की कमी और वितरण व्यवस्था में आ रही

■ खाद वितरण केंद्रों में किसानों से करेंगे सीधा संवाद, समस्यायों पर होगी चर्चा

परेशानियों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। किसानों को यूरिया और डीएपी खाद की उपलब्धता में हो रही दिक्कतों तथा टोकन व्यवस्था की समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र में सीधे किसानों के बीच पहुंचने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में प्रदेश के पूर्व



गृहमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू 4 जून को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित सेवा सहकारी समितियों और खाद वितरण केंद्रों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और शिकायतों की जानकारी लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ताम्रध्वज साहू सुबह 11 बजे ग्राम नगपुरा, दोपहर 12 बजे ग्राम थनौद, 12:30 बजे ग्राम निकुम, 1 बजे ग्राम अंडा, 2:30 बजे ग्राम कुथरेल, 3 बजे बोरीगारका, 4 बजे ग्राम मंचादुर तथा शाम 4:30 बजे नगर पंचायत उतई पहुंचेंगे।

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि खरीफ सीजन के ठीक पहले किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। कई स्थानों पर टोकन व्यवस्था और खाद वितरण को लेकर शिकायतें मिल रही हैं। किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल, सेक्टर, पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखें और अधिक से अधिक संख्या में दौरा कार्यक्रम में शामिल हों।

उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को मजबूत करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। कांग्रेस का कहना है कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## कन्या आश्रम कुसुमकसा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन, 8 लाख की लागत से बनेगा भवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम कुसुमकसा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से स्वीकृत अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन मंगलवार को सरपंच वेदबाई पिस्दा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां धरती की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन एवं भूमि पूजन के साथ किया गया। अतिथियों ने प्रतीकात्मक रूप से गैती चलाकर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर सरपंच वेदबाई पिस्दा ने कहा कि



कन्या आश्रम में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होने से छात्राओं को अध्ययन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है और पंचायत क्षेत्र में ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम में उपसरपंच नितिन जैन, पंच पंकज जेठवानी, संतोष जैन, दीपक यादव, कोमल सिंह हिडको, जिजोधन परसगिया, सुगरा बेगम, खेमिन निर्मलकर, पुष्पा रावते, चित्ररेखा मरकाम सहित कन्या आश्रम की अधीक्षक कामिनी पटेल एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आश्रम में अतिरिक्त कक्ष निर्माण को छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## बीएसपी में अग्नि सुरक्षा के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा मानव संसाधन विभाग के ज्ञानार्जन एवं विकास विकास केंद्र में फायर सेफ्टी अवेयरनेस पर ग्रुप इंटरेक्शन हुआ।

मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी व मुख्य अग्निशमन अधिकारी बीके.महापात्र सहित कर्मचारी उपस्थि थे। उद्घाटन संबोधन अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकी संजय बी. धवस ने किया।



धवस ने कहा कि बीएसपी में उच्च तापमान, ज्वलनशील एवं विषैली गैसों, विद्युत प्रतिष्ठानों, केबल टनलों, कन्वेयर गैलेरी, ईंधन भंडारण सुविधाओं तथा भारी मशीनरी से जुड़े जटिल औद्योगिक कार्य निरंतर संचालित होते हैं। ऐसे वातावरण में प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी, ठेका श्रमिक एवं हितधारक की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रतिभागियों को बताया गया कि अधिकांश औद्योगिक अग्नि दुर्घटनाएँ असुरक्षित कार्य व्यवहार, लापरवाही, खराब हाउसकीपिंग, जागरूकता की कमी तथा मानक कार्य प्रक्रियाओं के अनुपालन में चूक के कारण होती हैं। सुरक्षा मानकों का पालन जरुरी है।

## शराब दुकान का ग्रामीणों ने किया विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

नगर से बघमरा मार्ग पर रेल्वे फाटक के पास सड़क किनारे शराब दुकान खोलने का विरोध करते हुए आस पास के ग्रामीणो ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है।

इस दौरान शराब दुकान को प्रस्तावित स्थल पर खोले जाने का विरोध करते हुए नयापारा, मेढकी, बघमरा, ओरमा, खारथुली और भोथली के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनदर्शन में कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन उनकी मांगों की अनदेखी करता है तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर रविवार को मेढकी सहित आसपास के गांवों में



सामूहिक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्तावित स्थान पर शराब दुकान खोले जाने का विरोध करने का निर्णय लिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र का वातावरण शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण है, लेकिन मुख्य मार्ग पर शराब दुकान खुलने से सामाजिक व्यवस्था प्रभावित होगी और अप्रिय घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी। इसी चिंता को लेकर सभी ग्रामवासियों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन तैयार कर प्रशासन को सौंपा है। ग्रामीणो ने कहा कि बघमरा बायपास रेलवे फाटक के समीप प्रस्तावित शराब दुकान का क्षेत्रवासी लगातार विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संचालित शराब दुकान को यथावत रखा जाना चाहिए और उसे नए स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया जाए। मुख्य मार्ग पर शराब दुकान खुलने से असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण प्रभावित होगा। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में असुरक्षा की भावना पैदा होगी तथा आवागमन करने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

उन्होने कहा कि प्रस्तावित स्थल के समीप स्कूल संचालित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे अध्ययन के लिए आते–जाते हैं। ऐसे स्थान पर शराब दुकान खोले जाने से बच्चों और अभिभावकों की सुरक्षा एवं सामाजिक माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शासन को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शराब दुकान को वर्तमान स्थान पर ही संचालित रखना चाहिए।

## एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा चलाएगी विशेष अभियान, जिला कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र मे एनडीए सरकार 12 वर्ष आगामी 7 जून को पूर्ण हो रहा हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी

■ जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए भाजपा की तैयारी पूरी

द्वारा जिले में 5 जून से 23 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रमो के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के आह्वान पर प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।


कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी संध्या परगनिहा, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग आयोग अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, लघु वनोपज संघ प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, कृष्णकांत पवार, बिलासपुर संभाग के सह–प्रभारी अभिषेक शुक्ला, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव






एवं सौरभ लुनिया सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिला कोर कमेटी एवं आमंत्रित वरिष्ठजन, जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, जिला मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, जिला प्रकोष्ठ संयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, नगरपालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित यह कार्यशाला एनडीए सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर केंद्रित रही। 5 जून से 23 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मीडिया संवाद, विशेष जनसंपर्क अभियान, सभागार बैठकें, मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं, विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम, वृक्षारोपण अभियान, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन, स्वच्छता अभियान तथा प्रगति पथ यात्र सहित अनेक गतिविधियां शामिल रहेंगी। कार्यशाला के दौरान राजनीतिक प्रस्ताव का वाचन जिला मंत्री पूजा यादव द्वारा किया गया, वहीं नक्सल उन्मूलन विषयक प्रस्ताव का वाचन जिला उपाध्यक्ष पवन सोनबरसा द्वारा किया गया, कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। इस अवसर पर जिला टोली के सदस्य हरिश कटझरे, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल एवं मनीष झा भी उपस्थित रहे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**बालोद।** भारत सरकार द्वारा देश के असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट प्रतिभा वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष दिए जाने वाला 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' के अंतर्गत बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति तथा नवाचार के क्षेत्रें में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाता है। इच्छुक व पात्र अभ्यथएँ वेबसाईट पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' के अंतर्गत आवेदन करने वाला बालक अनिवार्य रूप से भारत का नागरिक और भारत का मूल निवासी होना चाहिए। बालक की आयु संबंधित वर्ष की 31 जुलाई को 05 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही बालक द्वारा किया गए उत्कृष्ट कार्य, घटना या उसकी असाधारण उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई से विगत 02 वर्ष के भीतर की होनी चाहिए।

### कार से गांजा की तस्करी दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** कार के सीट में गांजा छिपाकर तस्करी करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सीजी 04 एच एक्स 6908 को रोका गया। चेक करने पर कार के सीट के नीचे से 14.5 किलो गांजा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम अचलपुर, पोस्ट तूक्ला, राजा खरियार उड़ीसा निवासी तीरथा ठेला, स्टेशन चौक कुम्हारी किशन जगत बताया गया। कार महासमुंद, रायपुर होते हुए दुर्ग-भिलाई की ओर गांजा बेचने के लिए लाया जा रहा था। कुम्हारी पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोक दिया। कुम्हारी ओवरब्रिज के नीचे पुलिस की वाहन चेकिंग के समय रायपुर की ओर से कार आ रही थी। कार के चारों दरवाजों के भीतर स्थित खाली स्थान को विशेष रूप से गुप्त चेंबर बनाकर गांजा छिपाकर रखा था। ऊपर से फाइबर की परत चिपकाई गई थी। खुली आंखों से देखने पर गांजा दिखाई नहीं देता था। पुलिस टीम ने बारीकी से जांच कर गांजा जब्त किया है। 14.5 किलो ग्राम गांजा की कीमत 7. 25 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि उड़ीसा के कंधमाल क्षेत्र से गांजा खरीदकर दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में खपाने के लिए ला रहे थे। इसके पूर्व भी तस्करों द्वारा गांजा यहां खपा चुके है। नगद 22 हजार, मोबाइल, कार जब्त किया है।

### फेयर प्ले चलाने वाला पुराना सटोरिया सहित दो गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन फायनल क्रिकेट मैच आरसीबी व गुजरात टाईटन्स के मध्य चल रहे मैच में हारजीत का दांव लगाया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर दो सटोरिया को गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कसाई मोहल्ला नहर किनारे कुंआ के पास वैठकर ऑनलाइन क्रिकेट मैच में सट्टा लगाया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर छावनी पुलिस ने दबिश दिया। पुलिस ने दो सटोरिया सर्कुलर मार्केट श्रीराम डेयरी के पास कैम्प 2 निवासी आतीश गौर, प्रकाश आटा चक्की के पास कैम्प 2 नियाज अहमद को पकड़ा गया। सटोरिया आतिश, नियाज के पास से मोबाइल जब्त किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि फेयर प्ले नामक आईडी से ऑनलाईन लिंक पर सटटा खेलते और खिलाते थे। सारा हिसाब किताब व्हाट्सअप में रखा करते थे जो पैसे लाभ के रूप में मिलता था। बड़ा सटोरिया नियाज है पुलिस ने पहले भी आईपीएल सट्टा में कई बार कार्रवाई कर चुकी है। फेयर फ्ले नामक पैनल महादेव सट्टा ग्रुप का ही है, जिसका साल भर पहले काफी जोर-शोर से प्रचार प्रसार भी किया गया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद लुप्त हो गया था फिर अब फेयर प्ले का नाम सुर्खियों में आने के बाद कई सटोरिया लपेटे में आ सकते है।

**श्रमदान : तीन गांवों के लोगों ने मिलकर शुरू की ब्रिटिशकालीन डायवर्सन की मरम्मत**

# 100 साल पुराने हितेकसा डायवर्सन के जीर्णोद्धार में जुटे ग्रामीण, श्रमदान और जनसहयोग से शुरू हुई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

तीन ग्राम के ग्रामीण मिलकर ब्रिटिश कालीन हितेकसा डायवर्सन की मरम्मत प्रारंभ कर रहे है। इसमे ग्रामीणों ने श्रमदान भी किया एवं धन भी संग्रहित कर पक्का निर्माण प्रारंभ कर रहे। इससे हितेकसा डायवर्सन से अब छः ग्राम के किसानों व वन्य पशुओं को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा।

विकास खण्ड के वन क्षेत्र के ग्राम हितेकसा के पास बरसाती नाला में ब्रिटिश काल मे डायवर्सन का निर्माण कराया गया था। यह ढांचा आज भी मजबूती के साथ ग्राम चुल्हापथरा, सोनईडोंगरी एवं धानापुरी के किसानों के लिए संजीवनी का कार्य कर रहा हैं, बारिश के अंतिम दिनों में इन ग्रामों के कृशि क्षेत्र के पानी की कमी को पूरा करता है। कुछ दशक पहले तक इस डायवर्सन से ग्राम कन्हारपुरी, गुरुर, मोखा बोरतरा के किसान भी हितेकसा डायवर्सन से लाभान्वित होते थे, लेकिन 100 साल से पुराने डायवर्सन में पानी के सांथ लगातार मलबा आने से यह उथला हो चुका है। जिससे जलग्रहण क्षमता कम हो गई है। फिर भी





आज सोनईडोंगरी, चुल्हापथरा व धानापुरी के लिए संजीवनी बना हुआ है। वर्तमान में डायवर्सन से निकलने वाला पानी जिस कच्ची नहर से होकर खेतों तक पहुंचता है वह पूरी तरह जर्जर हो चुका है। तेज बहाव के कारण नहर का पार कमजोर हो गया है। कही–कही पर टूट भी रहा है। जिससे पूरा पानी खेतों तक नहीं पहुंच पाता एवं पानी बह जाता है। पानी की इसी बर्बादी को रोकने के लिए एव पार को बनाने का कार्य व उसे स्थाई रूप से मजबूती देने का काम ग्रामीण कर रहे हैं।

ग्राम चुल्हापथरा, सोनईडोंगरी एवं धानापूरी के ग्रामीणों ने नगद राशि संकलित की एवं 100 से अधिक ग्रामीण बीते एक सप्ताह से लगातार श्रमदान कर रहे हैं। इस कार्य में हितेकसा पंचायत का भी सहयोग मिल रहा है। हितेकसा डायवर्सन का कैचमेंट क्षेत्र कई किलोमीटर लंबा है, जहां बारिश खत्म होने के बाद भी तीन माह तक पानी का बहाव बना रहा है एवं कई माह तक डायवर्सन में पानी रहता है जो जंगली जानवारों के लिए उपयोगी होता है। जीर्णोद्वार की आवश्यकता है। हितेकसा डायवर्सन लगभग 100 से अधिक पूराना है, अब इसके मलबे को साफ करने एवं क्षेत्र की भूमि में गहरीकरण करने से डायवर्सन का जब ग्रहण क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। इसकी वर्तमान नाली कच्ची व जर्जर है जिससे खेतों में पहुंचने से पहले ही आधा पानी बह जाता है। यदि नाली को पक्की कर दी जाये तो पुरा पानी खेतों तक पहुंचेगा एवं इससे तीनों ग्रामों के साथ गुरूर, कन्हारपूरी, बोरतरा के किसानों को लाभ होगा। इस कार्य में ग्राम प्रमुख स्वयं श्रमदान कर रहे हैं। जिससे सोनईडोंगरी गा्रम प्रमुख दुलारूराम साहु, उपाध्यक्ष मोहनलाल साहु, सचिव हिरालाल साहु के साथ पूर्व जनपद सदस्य पुरन काठारी, पूर्व सरपंच देवलाल मंडावी, पूर्व जनपद सदस्य विमला नेताम, पंच भीशम यादव, लच्छुराम ठाकुर, केवल सिंह मंडावी, रामे"वर मंडावी, नरोत्तम वारदे, के साथ 40 से अधिक ग्रामीण श्रमदान कर रहे है।

ग्राम चुल्हापथरा के तीस से अधिक ग्रामीणों के सांथ ग्राम पंचायत कन्हारपुरी सरपंच तेजराम साहु, उपसरपंच मानवेन्द्र मंडावी, ग्रामीण अध्यक्ष खेमलाल साहू, सचिव यशवंत सिन्हा, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष में गौकरण साहु, उभे राम सिन्हा, पूर्व सचिव कोमल सिन्हा पंच संतोश कुंजाम, पंच पंकज, ताम्रध्वज कुल्हाड़ा मनोज भण्डारी नूतनदास मानिकपूरी श्रमदान कर है।

ग्राम धानापूरी से भी सरपंच खोमन सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष लेखराम सिन्हा, उपाध्यक्ष महेश्वर नागवंशी, सचिव बिसम्भर सिन्हा, पूर्व सरपंच मानिक सिन्हा व पंवर कोर्राम, ग्राम पटेल तुलसीराम के साथ हितेकसा ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेश हिरवानी का सहयोग है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम, स्वस्थ जीवन का दिलाया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौण्डीलोहारा के मेडिकल विंग के तत्वावधान में ग्राम कोरगुड़ा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोरगुड़ा के सरपंच लक्ष्मीनारायण देवांगन, उपसरपंच विजय यादव, पूर्व उपसरपंच करण सिंह देशमुख, पूर्व ग्राम प्रमुख नेमलाल पटेल, सोसायटी प्रबंधक मोहितलाल देवांगन, राजेन्द्र यदु, अधिवक्ता टुमनलाल साहू एवं व्यवसायी ओमप्रकाश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारीज़ डौण्डीलोहारा की संचालिका ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि तम्बाकू सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। इससे मुंह एवं फेफड़ों के कैंसर सहित अनेक गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर बनाता है। ईश्वरीय ज्ञान एवं राजयोग के अभ्यास से व्यक्ति सभी प्रकार के दुर्व्यसनों से मुक्त होकर तनावमुक्त और सुखमय जीवन जी सकता है। ब्रह्माकुमारी लता दीदी ने भी तम्बाकू एवं अन्य नशों से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

इस दौरान ग्राम कसही से आए तुम्मन भाई ने नशा छोड़ने के अपने अनुभव साझा किए। संस्था के भाई-बहनों द्वारा नाटिका, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन टुमनलाल साहू ने किया। ब्रह्माकुमारीज़ परिवार की ओर से अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मनरेगा से संवर रहा आलबरस का तालाब जल संरक्षण और किसानों को मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम पंचायत आलबरस में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत तालाब गहरीकरण एवं साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पानी का संग्रहण करना तथा किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना है।

ग्राम पंचायत द्वारा तालाब की सफाई और गहरीकरण से जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे बारिश का पानी लंबे समय तक तालाब में सुरक्षित रह सके। इससे क्षेत्र के किसानों को खेती-किसानी के दौरान पानी की आवश्यकता होने पर लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व सैनिक भुवन लाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस ने ग्रामीणों को ग्राम पंचायत की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में जल संरक्षण, रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं तथा आम जनता के सहयोग से गांव के विकास को नई दिशा दी जा रही है। ग्रामीणों ने मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे जल संरक्षण और किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से गाय गंभीर रूप से घायल...



**गुण्डरदेही।** अज्ञात वाहन ने मवेशी को टक्कर मार दिया। जिसकी जानकारी गौ सेवको को होने के बाद गौ सेवक घटना स्थल पर पहुंचकर घायल गाय को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। कोनारी मेनरोड़ मे एक्सीडेंट मे घायल मवेशी का जीभ कटा हुआ है, पीछे का पैर टुट गया है, घायल मवेशी को उपचार के लिए गुण्डरदेही कृष्णा गौ शाला लाया गया जहां मवेशी का उपचार चल रहा है।

## भाजपा मंडल का कलंगपुर शक्ति केंद्र की बैठक में संगठन विस्तार और बूथ सशक्तीकरण पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

भाजपा मंडल गुण्डरदेही अंतर्गत कलंगपुर शक्ति केन्द्र की बैठक स्थानीय साहू सामुदायिक भवन में हुई। बैठक कलंगपुर के दोनों बूथों की संयुक्त बैठक प्रभारी नेतराम साहू ग्राम चंदनबिरही के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। भारतीय जनता पाटएँ के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश तथा जिला भाजपा प्रमुख के आह्वान पर बैठक संपन्न हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन विस्तार, बूथों की सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन को अधिक मजबूत बनाने तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रभारी नेतराम साहू, भाजपा वरिष्ठ दिलीप कुमार कुल्हारे, सुखचरण साहू, सुफल कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, केशराम साहू, बूथ सचिव डिलेश्वर प्रसाद साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज नारायण चंदन, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, परमानंद सिन्हा, शोभाराम यादव सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## महिला सशक्तीकरण समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव : विधायक संगीता सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सर्व सेन नाई समाज ब्लॉक गुरूर द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय महिला सम्मेलन में छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं बालोद विधायक संगीता सिन्हा अपने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति और विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, एक शिक्षित, जागरूक सशक्त महिला ही परिवार, समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य करती है। सेन समाज आत्मनिर्भर समाज है, रोजगार के लिए समाज के परम्परागत कार्य हैं, सेन समाज ने सदैव शिक्षा, सामाजिक, एकता और सेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाया है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी बेटियों और महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भर और नेतृत्व के अवसर प्रदान करे ताकि वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। महिला सशक्तीकरण केवल एक नारा ही नही बल्कि समाज के उज्जवल भविष्य की नींव है, जब महिलाएं आगे बढ़ती है तब परिवार मजबूत होता है समाज विकसित होता है, तब राष्ट्र प्रगति करता है। इस अवसर पर अध्यक्ष महिला सेन समाज ब्लॉक गुरूर मंजू कौशिक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, पार्षद तृप्ति यादव, कामिनी सेन, सेक्टर अध्यक्ष देवेंद्र शांडिल्य सहित ब्लॉक सेन समाज के समस्त पदाधिकारीगण, गुरूर ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी एवं समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे।





## 11 सप्ताह बाद मनरेगा कार्यों का समापन



**अण्डा।** अंडा समिपस्थ ग्राम पंचायत सिरसिदा में मंगलवार 2 जून 2026 को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित कार्यों का सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह कार्य 2 फरवरी से प्रारंभ हुआ था, जिसमें ग्रामीण मजदूरों ने लगातार 11 सप्ताह तक कार्य कर अपनी सहभागिता निभाई। समापन से पूर्व रविवार 31 मई को पंचायत के मजदूरों ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए एक दिन का श्रमदान किया। इस दौरान सभी मजदूरों ने मिलकर भुरी डबरी की साफ-सफाई कर जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

- मजदूरों ने श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

समापन कार्यक्रम में सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, सचिव मोतीलाल साहू, रोजगार सहायिका रंजीता देवांगन सहित सभी मेट एवं बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच सरस्वती चंद्राकर ने सभी मजदूरों के परिश्रम और सहयोग की सराहना करते हुए उनके लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की। ग्रामीणों ने मनरेगा कार्यों के सफल संचालन पर खुशी व्यक्त करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मचारियों का आभार जताया। ग्राम पंचायत सिरसिदा में मनरेगा कार्यों के सफल समापन और श्रमदान जैसी पहल को ग्रामीण विकास एवं जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

**27 प्रतिशत आरक्षण समेत विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन**

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर ओबीसी महासभा की ऑनलाइन विचार गोष्ठी का आयोजन

हरि भूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

- गांव-गांव तक संगठन विस्तार का आह्वान, ओबीसी महासभा ने बनाई कार्ययोजना

कार्यक्रम में प्रदेशभर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।गोष्ठी का संचालन प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने किया। वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और सुशासन की प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों को अपनाने पर बल दिया। चर्चा का मुख्य विषय "लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श और ओबीसी समाज का वर्तमान संघर्ष" रहा। बैठक में जून माह के प्रथम अथवा द्वितीय सप्ताह में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। ज्ञापन में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण, जातिगत जनगणना, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने, मंडल आयोग की अनुशंसाओं को लागू करने, ओबीसी छात्रों के लिए छात्रावास, बैकलॉग



नियुक्तियां, महिला आरक्षण, यूजीसी विनियम-2026 को यथावत लागू करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में आयु सीमा एवं शुल्क में छूट जैसी मांगें शामिल रहेंगी। बालोद ब्लॉक अध्यक्ष पवन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सेवा, सुशासन और जनकल्याण का संदेश देता है। उन्होंने संगठन विस्तार और तकनीक के माध्यम से गांव-गांव तक विचार पहुंचाने तथा आगामी ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। गोष्ठी में विभिन्न जिलों एवं संभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने राज्य सरकार से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय स्थापित करने तथा उनके जीवन चरित्र को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग भी की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने ओबीसी समाज की एकता एवं अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। रायपुर संभाग अध्यक्ष हेमंत साहू ने आभार व्यक्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज